**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्त समिति की दिनांक:19/11/2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न 30वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर समशेर<br>कुलपति एवम्<br>अध्यक्ष, वित्त समिति एच0बी0टी0यू0,कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अजीज अहमद,<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ।<br>(प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,उ0प्र0शासन) | सदस्य |
| 3. | श्री पवन कुमार **(वीडियो कान्फ्रेन्सिग)**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग,उ0प्र0 शासन) | सदस्य |
| 4. | श्री अमित कुमार राठौर,<br>कुलसचिव,एच0बी0टी0यू0 कानपुर | सदस्य |
| 5. | श्री साहित्य कुमार कटियार<br>वित्त नियंत्रक,एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |
| 6. | श्री प्रांजल नगायच<br>वित्त लेखाधिकारी, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 7. | श्री निखिल पाण्डेय (पार्टनर)<br>चार्टड एकाउन्टेन्ट मेसर्स गिरीश गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स,<br>पैनल एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आंमत्री |

मा0 कुलपति द्वारा वित्त समिति के समस्त उपस्थित सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुये उन्हें विगत एवं वर्तमान बैठक के मध्य सम्पन्न निम्नलिखित विश्वविद्यालय गतिविधियों से अवगत कराया गया:

1. विश्वविद्यालय का सप्तम दीक्षान्त समारोह दिनांक 20.09.2025 को सम्पन्न हुआ, जिसमें 1015 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि श्री अरविन्दर सिंह साहनी, अध्यक्ष, इण्डिन ऑयल कारपोरेशन थे। दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता मा0 कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उ0प्र0 द्वारा की गई।

2. विश्वविद्यालय कार्यों में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देते हुए विश्वविद्यालय द्वारा अपना ई0आर0पी0, समर्थ पोर्टल, ई–परामर्श तथा ई–ऑफिस का प्रयोग किया जा रहा है।

3. अभी हाल में ही विश्वविद्यालय द्वारा ई–वेस्ट की नीलामी, जेम पोर्टल के माध्यम से की गई है, जिसका बिड में निर्धारित आरक्षित मूल्य 3.00 लाख था, किन्तु 15.00 लाख मूल्य प्राप्त हुआ। विश्वविद्यालय से ई–वेस्ट को सम्बन्धित वेण्डर द्वारा उठा लिया गया है। नान–ई–वेस्ट की नीलामी हेतु भी प्रकिया की गई थी, किन्तु जेम पोर्टल की तकनीकी खामी से बिड प्रक्रिया नहीं हो सकी थी जिसे पुनः किया जा रहा है जो प्रगति पर है।

4- शैक्षिक सत्र 2025–26 हेतु सेवायोजन हेतु विश्वविद्यालय में अद्यतन 30 कम्पनियाँ आयी हैं जिनके द्वारा 109 छात्रों को प्लेसमेन्ट दिया गया है।

5. विश्वविद्यालय के गणित, सी०एस०ई०, केमिकल इंजी० एवं केमिस्ट्री विभाग द्वारा फैकल्टी /स्टूडेन्स डेवलपमेन्ट प्रोग्राम कराये गये हैं।

6. विश्वविद्यालय के पेन्ट विभाग, PACT (Paint & Coating Association) एवं ISSPA (Indian Small Scale paint Association) द्वारा संयुक्त रूप से पेन्ट मेनूफैक्चरर्स हेतु "फार्मूलेशन एण्ड मेनुफैक्चरिंग आफ वाटर एण्ड

साल्वेन्ट बेस्ट पेन्ट" बनाने सम्बन्धी कार्यकम कर ट्रेनिंग प्रदान की गई, जिसमें राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडू, महाराष्ट्र एवं उ०प्र० के 21 स्माल स्केल पेन्ट निर्माताओं ने प्रतिभाग किया।

7. विश्वविद्यालय की सी०एस०ई०, मैकेनिकल, इलेक्ट्रानिक्स, प्लास्टिक एवं फूड विधा के एक्रीडिटेशन हेतु एन०बी०ए० की टीम द्वारा परीक्षण सह भ्रमण शीघ्र ही किया जाना है। विश्वविद्यालय के बायोकेमिकल, आयल और पेन्ट विधा द्वारा एन०बी०ए० एक्रीडिटेशन हेतु अपना पी०क्यू० एन०बी०ए० को प्रेषित कर दिया गया है तथा एस०ए०आर० की प्रकिया प्रगति पर है।

8. विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के प्रयोगार्थ 01 बस का कय किया गया है तथा 01 बुलेरो वाहन का विश्वविद्यालय के प्रयोगार्थ कय किया जा चुका है, उक्त वाहनों की सम्बन्धित विभाग में पंजीयन कार्यवाही की जा रही है।

9. विश्वविद्यालय के एस०ओ०ई०एम० तथा सी०एस०ई० विभागों में छात्रों के प्रयोगार्थ कक्षाओं तथा बैडमिन्टन हाल का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

10. वर्तमान शैक्षिक सत्र में छात्रों को छात्रावास आवंटन में हुई कमी से परिलक्षित हुआ कि छात्रों हेतु 01 अदद एवं छात्राओं हेतु 01 अदद छात्रावास का निर्माण आवश्यक है इसके दृष्टिगत् 100–100 सीटेड छात्रावास निर्माण हेतु प्रस्ताव भवन समिति से अनुमोदनोपरान्त वर्तमान वित्त समिति को प्रस्तुत किया जा रहा है।

**30.01. हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 04/09/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे सम्पन्न 29वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 04/09/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे सम्पन्न 29वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त पर किसी भी मा0 सदस्य से कोई टिप्पणी/टीकाएं प्राप्त न होने के दृष्टिगत पुष्टिकरण किया गया।

**30.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 04/09/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे सम्पन्न 29वीं वित्त समिति की बैठक में लिए गए निणयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति ने हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 04.09.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे सम्पन्न 29वीं वित्त समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों से संबंधित कृत कार्यवाहियों से संज्ञानित हुई तथा सन्तोष व्यक्त किया।

**30:03: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर का वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए अनुमोदित आय–व्ययक बजट के अन्तर्गत अक्टूबर 2025 तक व्यय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए अनुमोदित आय–व्ययक बजट प्राविधान के अधीन माह अक्टूबर 2025 तक हुए व्ययों का अवलोकन किया :–

| (क) | आयोजनेत्तर/राजस्व मद | वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए प्राविधान आय– व्ययक बजट | वित्तीय वर्ष 2024–25 में अनुमोदित बजट के अधीन पुनर्विनियोजन आय–व्ययक | वित्तीय वर्ष 2024–25 में वास्तविक व्यय | वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए प्राविधान आय– व्ययक बजट | वित्तीय वर्ष 2025–26 में अक्टूबर 2025 तक व्यय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन भत्ते | | | | | |
| | (अ) शिक्षक | | | | | |
| | (क) वेतन (बी0फार्मा+एस0ओ0ई0एम0 सहित) | 2000.00 | 2100.00 | 2013.23 | 2300.00 | 1284.87 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 900.00 | 850.00 | 808.73 | 1100.00 | 586.19 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 120.00 | 100.00 | 93.10 | 120.00 | 59.55 |
| | (घ) एरियर सातवां वेतनमान | 138.06 | 138.06 | 0.00 | 138.06 | 0.00 |
| | (ड) कैस प्रोन्नत+अन्य एरियर | 100.00 | 70.00 | 28.55 | 100.00 | 45.39 |
| | योग | **3258.06** | **3258.06** | **2943.61** | **3758.06** | **1976.01** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | (ब) प्रशासन | | | | | |
| | (क) वेतन | 180.00 | 200.00 | 143.17 | 180.00 | 100.11 |
| | (ख) महँगाई भत्ता | 85.00 | 80.00 | 62.01 | 85.00 | 48.03 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 10.00 | 5.00 | 3.78 | 10.00 | 2.57 |
| | (घ) एरियर | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | (ङ) चयन प्रोन्नत+अन्य एरियर | 25.00 | 15.00 | 0.00 | 25.00 | 0.00 |
| | योग | **300.00** | **300.00** | **208.96** | **300.00** | **150.71** |
| | (स) शिक्षणेत्तर कर्मचारी | | | | | |
| | (क) वेतन (एस0ओ0ई0एम0 सहित) | 750.00 | 750.00 | 528.18 | 750.00 | 338.05 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 370.00 | 370.00 | 257.36 | 370.00 | 183.20 |
| | (ग) अन्य भत्ते (एस0ओ0ई0एम0 सहित) | 80.00 | 80.00 | 78.02 | 80.00 | 27.37 |
| | (घ) आउट सोर्सिंग(एस0ओ0ई0एम0 सहित) | 400.00 | 400.00 | 326.00 | 400.00 | 189.82 |
| | (ढ) एरियर | 50.00 | 33.72 | 20.61 | 50.00 | 0.00 |
| | योग | **1650.00** | **1633.72** | **1210.17** | **1650.00** | **738.45** |
| | **(द)एन0पी0एस0** | **200.00** | **216.28** | **216.28** | **250.00** | **147.11** |
| | योग–य=(अ+ब+स+द) | **5408.06** | **5408.06** | **4579.02** | **5958.06** | **3012.28** |
| | | | | | | |
| | **विश्वविद्यालय में संचालित स्व–वित्तपोषित कार्यक्रम** | | | | | |
| | (र) वेतन प्राध्यापक (बी0फार्मा0 /बायो–टेक /एम0एस0सी0) | - | - | 0.00 | **15.00** | **12.52** |
| | (ल) एस0ओ0ई0 एण्ड एम0 | | | | | |
| | 1. वेतन (प्राध्यापक) | - | - | 0.00 | 163.50 | 101.24 |
| | 2. वेतन (संकलित) | - | - | 0.00 | 23.35 | 16.65 |
| | 3. अन्य भत्ते | - | - | 0.00 | 0.40 | 0.20 |
| | 4. वेतन (आउटसोर्स) | - | - | 0.00 | 18.00 | 10.07 |
| | योग | - | - | **0.00** | **205.25** | **128.16** |
| | कुल योग (य+र+ल) | **5408.06** | **5408.06** | **4579.02** | **6178.31** | **3152.96** |

| (ख) | मद | वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए प्राविधान आय– व्ययक बजट | वित्तीय वर्ष 2024–25 में अनुमोदित बजट के अधीन पुनर्विनियोजन आय–व्ययक | वित्तीय वर्ष 2024–25 में वास्तविक व्यय | वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए प्राविधान आय–व्ययक बजट | वित्तीय वर्ष 2025–26 में अक्टूबर 2025 तक व्यय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | यात्रा व्यय | 15.00 | 5.00 | 4.02 | 15.00 | 2.36 |
| 3 | कार्यालय व्यय | 30.00 | 35.00 | 31.82 | 40.00 | 5.30 |
| 4 | टेलीफोन व्यय | 7.00 | 7.00 | 4.75 | 7.00 | 1.81 |
| 5 | गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद | 25.00 | 20.00 | 18.90 | 25.00 | 11.66 |
| 6 | व्यवसायिक एवं विधिक सेवाओं के लिए भुगतान | 20.00 | 15.00 | 14.39 | 20.00 | 16.79 |
| 7 | विज्ञापन | 50.00 | 30.00 | 24.96 | 50.00 | 30.17 |
| 8 | छात्रवृत्ति/फेलोशिप | 150.00 | 150.00 | 147.42 | 175.00 | 128.27 |
| 9 | भवन किराया, गृह कर, जल कर/जल प्रभार आदि | 175.00 | 175.00 | 127.32 | 175.00 | 162.74 |
| 10 | भवनों/सड़कों/अतिथि गृह/33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र के संचालन, मरम्मत एवं मशीनों आदि का रखरखाव | 1000.00 | 1121.00 | 1120.97 | 1250.00 | 570.33 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विभागों हेतु उपकरणों, प्रयोगशाला संचालन, लेखन सामग्री व आर0 एण्ड डी कियाकलाप, सेमिनार में प्रतिभाग, आयोजन एवं कार्यालय व विविध व्यय एवं लघु एवं सूक्ष्म मरम्मत आदि एवं एस0ओ0ई0एम0 हेतु | 800.00 | 650.00 | 488.14 | 800.00 | 201.67 |
| 2 | विद्युत व्यय | 350.00 | 300.00 | 252.53 | 350.00 | 145.90 |
| 3 | औषधियों एवं चिकित्सीय उपकरणों आदि पर व्यय | 30.00 | 5.00 | 3.20 | 30.00 | 4.53 |
| 4 | शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति | 10.00 | 10.00 | 6.56 | 10.00 | 7.18 |
| 15 | सुरक्षा गार्ड व्यवस्था (एस0ओ0ई0एम0 सहित) | 350.00 | 300.00 | 282.98 | 400.00 | 202.32 |
| 16 | परीक्षा संचालन | 50.00 | 50.00 | 40.40 | 75.00 | 7.71 |
| 17 | प्रत्यायन शुल्क | 30.00 | 2.00 | 0.00 | 30.00 | 11.80 |
| 18 | विवेकाधीन कोष–माननीय कुलपति महोदय | 10.00 | 5.00 | 0.00 | 10.00 | 0.00 |
| 19 | कार्य परिषद, शैक्षिक परिषद एवं विभिन्न समितियों के आयोजन हेतु | 20.00 | 15.00 | 11.52 | 20.00 | 4.43 |
| 20 | वाहन का कय | 100.00 | 50.00 | 0.00 | 100.00 | 10.85 |
| 21 | आटोमेशन कार्य | 50.00 | 10.00 | 1.78 | 10.00 | 0.00 |
| 22 | गोपनीय व्यय | 10.00 | 5.00 | 0.00 | 10.00 | 1.10 |
| 23 | छात्रावास के संचालन, रखरखाव, सुरक्षा एवं विद्युत व्यय इत्यादि। | 400.00 | 550.00 | 532.21 | 550.00 | 355.73 |
| 24 | विश्वविद्यालय छात्र कियाकलाप परिषद के व्यय हेतु | 108.00 | 75.00 | 32.12 | 110.00 | 51.71 |
| 25 | ट्रेनिंग प्लेसमेंट के व्यय (संचालन एवं स्थापना पर व्यय) | 40.00 | 10.00 | 5.53 | 40.00 | 1.13 |
| 26 | इन्टरनेट शुल्क | 100.00 | 100.00 | 76.37 | 100.00 | 80.68 |
| 27 | पुस्तकालय व्यय | 100.00 | 35.00 | 28.14 | 100.00 | 2.56 |
| 28 | विश्वविद्यालय के सुदृणीकरण / अवस्थापना, प्रयोगशालाओं के रिनोवेशन / फर्नीचर एवं भवन एवं सड़क निर्माण एवं विस्तार तथा नवीन प्रयोगशालाओं के निर्माण कार्यो एवं एस0ओ0ई0एम0 हेतु व्यय | 900.00 | 1200.00 | 1188.22 | 1500.00 | 343.91 |
| 29 | काउन्सिलिंग एवं कन्टीजेन्सी व्यय | 40.00 | 40.00 | 36.06 | 60.00 | 59.99 |
| 30 | दीक्षान्त समारोह व्यय | 40.00 | 40.00 | 39.98 | 50.00 | 32.31 |
| | योग | **5010.00** | **5010.00** | **4520.29** | **6112.00** | **2454.94** |
| 31 | सुरक्षा गार्ड व्यवस्था (एस.ओ.ई.एम.) | - | - | 0.00 | 5.00 | 6.83 |
| 32 | एस0ओ0ई0एण्डएम0(उपकरण +अन्य) | - | - | 0.00 | 10.00 | 0.11 |
| | योग | | | 0.00 | **15.00** | **6.94** |
| | कुल योग | - | - | **0.00** | **6127.00** | **2461.88** |
| | **महायोग (क+ख)** | **10418.06** | **10418.06** | **9099.31** | **12305.31** | **5614.84** |

**विश्वविद्यालय की प्राप्तियाँ**

| क्रमांक | मद | वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्राप्तियाँ | वित्तीय वर्ष 2024–25 में 31.03.2025 तक | वित्तीय वर्ष 2024–25 में वास्तविक व्यय | वित्तीय वर्ष 2025–26 की अनुमानित प्राप्तियाँ | वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्राप्तियाँ |
|---|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय फीस् + अन्य अनुमानित आय | 5880.32 | 6552.42 | 6434.46 | 7721.91 | 7721.91 |
| 2 | शासन द्वारा वेतन भत्ते के लिए अनुदानित धनराशि | 3591.51 | 3072.92 | 3072.92 | 3319.00 | 3319.00 |
| 3 | शासन से गैर वेतन भत्ते हेतु अनुदानित धनराशि | 26.11 | 26.11 | 26.11 | 26.20 | 13.10 |
| 4 | शासन से एन0पी0एस0 नियोक्ता अंशदान हेतु अनुदानित धनराशि | 184.52 | 184.52 | 216.28 | 250.00 | 171.31 |
| 5 | शासन से शिक्षकों के सातवे वेतन के एरियर का भुगतान हेतु वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के लिए प्राविधानित अनुदान धनराशि | 276.10 | 0.00 | 0.00 | 138.04 | 0.00 |
| 6 | रूसा परियोजना के अन्तर्गत धनराशि प्राप्त होने की प्रत्याशा में इलेक्ट्रानिक्स इन्जी0 विभाग के कक्षों का अधूरा निर्माण कार्य को पूर्ण कराये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में विश्वविद्यालय बजट से रू0 364.89लाख का व्यय के सापेक्ष रूसा से वर्ष 2024–25 में प्राप्त धनराशि का समायोजन किया गया। | 328.13 | 328.13 | 328.13 | 0.00 | 0.00 |
| 7 | वित्तीय वर्ष 2024–25 की अनुमान बचत को वित्तीय वर्ष 2025–26 के आय में दर्शाया गया है। | 547.33 | 547.33 | 547.33 | 1525.92 | 1525.92 |
| | योग | 10834.02 | **10711.43** | **10625.23** | **12981.07** | **12751.24** |
| | **बचत** | **87.83** | | **1525.92** | **675.76** | **7136.40** |

**नोटः– SOEM का व्यय वित्तीय वर्ष 2024–25 के व्यय में सम्मिलित है।**

आयोजनागत / पूँजीगत **(शासन के आय–व्ययक में प्रावधान / अनुमान)**

| क्रम संख्या | मद | वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए प्राप्त धनराशि | वित्तीय वर्ष 2024–25 में वास्तविक व्यय धनराशि | वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए शासन से प्राप्त धनराशि | वित्तीय वर्ष 2025–26 में अक्टूबर 2025 तक व्यय धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वृहत निर्माण कार्य | 79.52 | 79.52 | 111.48 | 55.74 |
| | योग | **79.52** | **79.52** | **111.48** | 55.74 |

**30:04 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के वित्तीय वर्ष 2024–25 का तुलन पत्र को अनुमोदन किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के वित्तीय वर्ष 2024–25 का मेसर्स आलोक पाण्डेय एण्ड कम्पनी कानपुर द्वारा (COMPILED) एवं मेसर्स गिरीश गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स कानपुर द्वारा (AUDITED) तुलन पत्र को अनुमोदित किया।

**30:05 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के अधिष्ठाता शैक्षिक किया–कलाप कार्यालय हेतु आकस्मिक व्यय के लिए स्थायी अग्रिम व्यय में बढ़ोत्तरी किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त अधिष्ठाता शैक्षिक किया–कलाप कार्यालय के आकस्मिक व्यय हेतु स्थायी अग्रिम की धनराशि में बढ़ोत्तरी करते हुए रू0 5000 / – के स्थान पर रू0 10000 / – पर अनुमोदन प्रदान किया।

**30:06 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 10/09/2025 को सम्पन्न 18वीं बैठक में लिये गये निर्णय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने दिनांक **10/09/2025** को विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की 18वीं बैठक में लिए गये निर्णयों से सम्बन्धित कार्यवृत्त का अवलोकन एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**30:07 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 11.11.2025 को सम्पन्न 19वीं बैठक में लिये गये निर्णय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने भवन निर्माण समिति की दिनांक 11.11.2025 को सम्पन्न 19वीं बैठक में लिए गये निर्णयों से संज्ञानित एवं अनुमोदन प्रदान किया।

समिति ने दिनांक 11.11.2025 को भवन निर्माण समिति की सम्पन्न 19वीं बैठक में मद संख्याः19.03.01 के अधीन विश्वविद्यालय में छात्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत पूर्वी प्रागण में 100 सीटेड छात्र–छात्रावास एवं 100 सीटेड छात्रा–छात्रावास के निर्माण किए जाने तथा धनराशि रू0 1790.00 लाख का आगणन पर अनुमोदन प्रदान किया, तत्क्रम में वित्तीय वर्ष 2025–26 के बजट प्राविधान में विश्वविद्यालय के अवस्थापना एवं विकास कार्य हेतु प्राविधानित बजट से धनराशि उपलब्धता तथा आवश्यकतानुसार, कार्य की प्रगति एवं माँग के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से कार्यदायी संस्था (उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद) को धनराशि हस्तान्तरित किए जाने तथा छात्रावासों के निर्माण कार्यों को पूर्ण करने हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए अनुमोदित बजट के अधीन आवश्यकता पड़ने पर पुनर्विनियोजन करते हुए वित्तीय वर्ष 2026–27 के प्राविधान बजट से किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

**30:08 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक 12.11.2025 को सम्पन्न 27वीं बैठक में लिये गये निर्णय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति विश्वविद्यालय की केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक **12.11.2025** को आहूत 27वीं बैठक में लिए गये निर्णयों से सम्बन्धित कार्यवृत्त से संज्ञानित हुई।

**30:09 माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।**

अन्य मद पर विचार हेतु कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं हुआ।

**(साहित्य कुमार कटियार)**
**वित्त नियत्रंक**
**एवं**
**सदस्य–सचिव,**
**एच0बी0टी0यू0 कानपुर**